हिन्दुस्तान जिंक द्वारा रुद्रपुर में शहद यूनिट का शुभारंभ

पंतनगर। हिंदुस्तान जिंक द्वारा सखी उत्पादन समिति के माध्यम से नेताजी नगर रुद्रपुर में शहद इकाई के शुभारंभ के साथ उत्पादन क्षमता का और विस्तार किया है। प्रति घंटे 100 किलोग्राम शहद उत्पादन क्षमता वाली इस नई इकाई का संचालन सखी समूह की 15 से 20 महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इन सखी महिलाओं को उत्पादन प्रक्रियाओं और मशीनरी संचालन में व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शहद इकाई में 9 प्रकार के शहद का उत्पादन होगा जिसमें तुलसी, अजवाइन, बबूल, लीची, सरसों, नीलगिरी, मल्टीफ्लोरा, जामुन और वन शहद शामिल हैं। यह विस्तार दाइची की उत्पाद को बढ़ाते हुए लघू उद्यम विकास के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के सखी उत्पादन समिति की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इकाई का शुभारंभ हिन्दुस्तान जिंक की पंतनगर मेटल प्लांट यूनिट हेड अनामिका झा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिप्टी हेड मुरुगन मणिए सीएचआरओ रितिका सिंह सीएसओ संदीप तोमर एवं उमंग फेडरेशन के सदस्य उपस्थित थे।